तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार, 14 अगस्त 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

12 पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मामले की एसआईटी..

12 नई तकनीक का प्रचार-प्रसार कर किसानों की...


# एक साल से भुगतान से वंचित मजदूर, बच्चों को धन अभाव के कारण नहीं पढ़ा रहे

## 22 श्रमिकों को एक साल काम कराने के बाद नहीं मिली मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

वन विभाग की ओर से मजदूरों आदि का भुगतान ऑनलाइन किया गया है, लेकिन मजदूरों को समय में मजदूरी नहीं मिल रही है। वन विभाग के ऑनलाइन का हाल बेहाल हो गया है। बस्तर जिले के बड़े कवाली के 22 मजदूर संभागीय मुख्यालय स्थित परिक्षेत्र अधिकारी के कार्यालय में पहुंच कर मजदूरी का भुगतान की मांग की। इस दौरान सामू, लूधर, रामदेव, मन्नू, मंगल दास एवं हरि आदि मजदूरों ने बताया कि एक साल से मजदूरी नहीं मिलने के कारण उनके परिवार आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं। यहां तक कि हालत ऐसी हो गई कि उन्हें बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। मजदूरों ने बताया कि वन परिक्षेत्र जगदलपुर अंतर्गत बोदल परिसर में हवा, पानी से गीरे पेड़, वृक्षों का विद्योलन कार्य कराया गया था। जिसका भुगतान ऑनलाइन होने का था, जो एक साल से मजदूरी का भुगतान नहीं दिया गया। इससे सभी मजदूरों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। भुगतान के लिए वे लोग वन विभाग के कार्यालय का चक्कर लगाते हैं, उस समय अधिकारी ने आश्वासन में काम हो जाएगा, पर आज तक भुगतान नहीं हुआ है। परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि मजदूरों का खाते आदि ऑनलाइन में दिया गया है, पर इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को देंगे।



### शीघ्र होगा भुगतान

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने इस संबंध में बताया कि ऐसे मजदूरों का भुगतान पर जांच कर शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर मजदूरों को भुगतान ऑनलाइन किया जा रहा है, जिससे मजदूरों परेशानी न हो सके।

## खबर संक्षेप

### चेंबर सभागार में ध्वजारोहण 15 को

जगदलपुर। स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व पर 15 अगस्त को बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जगदलपुर के मुख्यालय चेंबर सभागार में ध्वजारोहण किया जाएगा। चेंबर मंत्री सुनील दंडवानी ने बताया कि प्रात : 8.30 बजे चेंबर सभागार में ध्वजारोहण किया जाएगा। समस्त सदस्यगण 15 मिनट पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित होंवे।

### छात्र- छात्राओं को न्यायाधीश ने दी विधिक जानकारी



जगदलपुर। स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कु. अंकिता कश्यप ने 12 अगस्त को हायर सेकेण्डरी स्कूल करपावण्ड एवं 13 अगस्त को हाईस्कूल मंगनार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। आयोजित दोनों विधिक साक्षरता शिविरों में अंकिता कश्यप व्यवहार न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ विधिक ज्ञान की भी जानकारी दी। बताया गया कि लड़का एवं लड़की को समान अधिकार प्राप्त है। छात्र-छात्राओं को मौलिक कर्तव्यों के साथ-साथ बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल शिक्षा तथा अन्य कानूनी जानकारियों से अवगत भी कराया गया। इस दौरान करपावण्ड व्याख्याता अर्चना कश्यप, मानसिंह भारती तथा मंगनार के प्रभारी प्राचार्य सेवकराम कश्यप सहित अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सर्पदंश युवक की हुई मौत

कांकेर। थानांतर्गत कांकेर के ग्राम पीढ़ापाल निवास धनराज पोया की सांप के डंसने के कारण मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 अगस्त को मृतक को जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**मांग : सर्वआदिवासी समाज में आक्रोश, सोमवार रात 4 घण्टे किया चक्काजाम**

# जनपद उपाध्यक्ष पर धारदार हथियार से किया हमला गिरफ्तारी को लेकर आदिवासी समाज ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

■ मंगलवार को भी किया चक्काजाम और नगर बंद

जिले की व्यवसायिक नगरी गीदम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पर हमला करने का मामला सामने आया हैं। जिसके बाद सर्व आदिवासी समाज में आक्रोश है। सोमवार शाम गीदम नगर पंचायत कार्यालय के सामने नेशनल हाईवे 63 पर कई घंटे तक चक्का जाम किया गया। ऐसे में दोनों तरफ से वाहनों की कतारें लग गई। यात्री बसों को दूसरे रूट से भेजा गया। इधर पुलिस के अधिकारी भी यहां पहुंचे और लोगों को समझाइश दी गई पर आदिवासी समाज आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। जिसके बाद लगभग 4 घण्टे तक चक्काजाम जारी रहा। वहीं आज मंगलवार को नगर बंद का भी आव्हान किया गया, जिसका व्यापक असर देखने को मिला। सुबह से ही सभी प्रतिष्ठानें बंद रही। वहीं नगर के मुख्य बाजार स्थल के पास मंगलवार को पुनः चक्का जाम किया।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता व जनपद पंचायत गीदम उपाध्यक्ष मनीराम हपका पर जानलेवा हमला हुआ है। मनीराम ने अपने बयान में बताया कि कुछ दिन पहले मेरे साथियों के साथ कुछ युवकों ने विवाद किया तो वहां पहुंचा था, फिर रविवार शाम एक युवक मेरे घर के अंदर आ गया और मुझे चाकू दिखाकर कहा कि आपसे कोई लेना देना नहीं हैं। आप बीच में मत आओ। इसके बाद रविवार रात में ही मुझे गीदम बस स्टैंड बुलाया गया। जब बस स्टैंड पहुंचा, तो यहां कुछ युवकों ने मुझ पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया और जातिसूचक ▶▶|शेष पेज 12 पर



### आरोपी की जल्द हो गिरफ्तारी

धरने पर बैठे सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र वेट्टी ने बताया कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होगी और आरोपी समाज से माफी नहीं मांग लेता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। जितेंद्र ने कहा कि हमलावर पहले से ही तड़ीपार है, फिर यहां कैसे घुसा, उनकी व्यक्तिगत दुश्मनी जो भी हो लेकिन जातिसूचक गालियां दी गई। इसलिए सर्व आदिवासी समाज आक्रोशित हैं और जब तक गिरफ्तारी नही होगी, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। हालांकि सोमवार रात्रि प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के काफी समझाइश देने और आरोपी के जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद आंदोलनकर्ता सड़क से उठ गए और जाम खोल दिया। लेकिन मंगलवार को सुबह से राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में लगा जाम देर शाम समाप्त हुआ। इस दौरान समाज के लोगों के द्वारा हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। पुलिस प्रशासन द्वारा हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद चक्का जाम समाप्त हुआ।

### बाहर से आ रहे हमलावरों पर लगे रोक

इस दौरान आदिवासी समाज ने प्रशासन दो दिन का समय दिया कि हमलावर जो बाहर से आ कर रह रहे है, उन्हें जिले से बाहर किया जाए। नहीं तो पुनः चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बंद का नगर में व्यापक असर दिखा सुबह से ही सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानें बंद रहीं।

# भाजयुमो की तिरंगा यात्रा जयकारे से गूंजा आकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ देशभक्ति भावना के साथ हर घर में लगाये तिरंगा : महेश
■ टोली बनाकर हर क्षेत्र में निकाले तिरंगा यात्रा : रुप सिंह
■ जिले में निरंतर हो रहा हर घर तिरंगा आयोजन

भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा का आयोजन लगातार जिले में हो रहा है। मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शहर में विशाल तिरंगा यात्रा मोटर साइकिल में शहर में निकाली गयी। जिसमें सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से भाजपा की तिरंगा यात्रा आरंभ हुई और भारत माता के जयकारों के साथ समुचे शहर का भ्रमण कर भाजपा जिला कार्यालय में पहुंच कर संपन्न हुई। सांसद ने कहा कि राष्ट्र सर्वप्रथम है और उसकी प्राण-प्रण से सेवा करना सबसे बड़ा कर्तव्य है। तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा का आयोजन देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर किया जा रहा है। कार्यकर्ता व सम्मानीय नागरिक देशभक्ति के इस आयोजन में बढ़ चढ़कर जुड़ें। भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। हर घर में तिरंगा फहराये, इसके लिये कार्यकर्ता कर्मठता से प्रयास करें। टोली बना कर तिरंगा यात्रा निकालने का आग्रह भी लोगों ▶▶|शेष पेज 12 पर

# भाजपा सरकार में हो रहा पत्रकारों का दमन : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्रकारों की गिरफ्तारी की निंदा की

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि में बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार बप्पी राय, निशु त्रिवेदी, महेंद्र सिंह और धर्मेंद्र सिंह को आंध्र पुलिस के द्वारा फर्जी मामले में गिरफ्तार करने की कड़ी निंदा करते हुए तत्काल रिहाई की मांग करते थानेदार और माफिया पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश में माफियाओं का राज चल रहा है। थानेदार माफियाओं के एजेंट बनकर काम कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया था। राज्य साय सरकार बनते ही पत्रकार सुरक्षा कानून का मखौल उड़ाया जा रहा है। पत्रकार अब सुरक्षित नहीं है। पत्रकारों की सुरक्षा की जिम्मेदारी जिन पर है वही पत्रकारों को झूठे मामलों में फंसा रहे हैं। छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश सीमा में रेत माफिया की कारगुजारी को उजागर करने वाले पत्रकारों को झूठे मामले में गिरफ्तार करवाया गया है।

# आड़ावाल में मिले विदेशी 15 रोहिंगिया हिंदू संगठन ने पुलिस के हवाले किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ हिन्दू संगठनों का आक्रोश भरा प्रदर्शन
■ कलेक्टर और एसपी को मांगपत्र सौंप अविलंब कार्रवाई की मांग



बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार व नरसंहार और अवैध बांग्लादेशी रोहिंगिया के शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घुसपैठ को लेकर सोमवार को सनातनी हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शहर में आक्रोश रैली व प्रदर्शन कर प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की। हाथों में भगवा झंडा थामे जय श्री राम के जयकारे के साथ बाइक में सवार सैकड़ों ▶▶|शेष पेज 12 पर

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का किया गया अंतिम रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ अपर कलेक्टर ने निभाई मुख्य अतिथि की भूमिका
■ स्वतंत्रता दिवस में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे मुख्य अतिथि



स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के लिए अंतिम रिहर्सल लालबाग मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में अपर कलेक्टर सीपी बघेल रहे, उन्होंने परेड की सलामी ली। साथ में कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने भी परेड की सलामी ली। कलेक्टर विजय ने तैयारियों का जायजा लेकर समय पर सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश ▶▶|शेष पेज 12 पर

# चिकन पकौड़ा, चटनी, आटा मिला अमानक, कराया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ दुकानों, होटलों में पहुंचकर 108 खाद्य पदार्थ का नमूना लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया

खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। बस्तर ब्लॉक में बेबी कार्न, फालुदा मिक्स, सोयाबीन बड़ी, फरसान फ्लोर, पैक्ड गाय घी, बकावण्ड ब्लॉक से राइस ब्रान ऑयल, मिक्चर, सेव, दलिया, सूजी, चाय, फरसान फ्लोर एवं जगदलपुर से सूजी रवा, मैगी नूडल्स, तील तेल, घी, बारीक सेव, मोटा सेव, पेंड़ा, पनीर, पोहा तोकापाल ब्लॉक से नारियल लड्डू, वनस्पती घी, मलाई पेंड़ा, बादाम बर्फी, चाय मसूर दाल का नमूना संग्रहण कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से शहर के बस स्टैंड तथा आसना स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों एवं स्कूलों से 108 खाद्य नमूनों का परीक्षण किया गया। जिसमें 5 नमूना चिकन पकौड़ा, मीठा चटनी, बालूशाही, ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

कोण्डागांव में हमारी संस्थान के 700 दिन पूर्ण होने के अवसर पर विशेष ऑफर
15 अगस्त और रक्षाबंधन
गर्ल्स एण्ड बॉयज़ जंक्शन में
भाई बहनों को स्नेह भरा उपहार
1000 से 5000 रू. तक जितने का खरीदने पर उतने का मुफ्त
भाई के लिए कपड़े खरीदने पर बहन के लिए कपड़े मुफ्त
बहन के लिए कपड़े खरीदने पर भाई के लिए कपड़े मुफ्त
बहनें अपने लिए कुर्ती, शूट, साड़ी खरीदें तो उतने कीमत की इमीटेशन ज्वेलरी मुफ्त
*T & C apply
ऑफर केवल 11 से 20 अगस्त तक
(कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं, सभी स्कीम एमआरपी रेट पर)
गर्ल्स एण्ड बॉयज़ जंक्शन
शौकीन हाउस के बाजू में मेन रोड, कोण्डागांव, मो. नं. 7828412927

**खबर संक्षेप**

### सावन में किया रामायण पाठ



**केशकाल।** सावन के चौथे सोमवार सुदेश्वर महादेव मंदिर सुरडोंगर गौरा चौक में रामायण पाठ का किया गया। बस्तरिया मानस मंडली गमरी ने अपनी प्रस्तुति दी और ग्रामीणों का मन लुभा लिया। सुनील उईके और युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव, सुनील उइके, गजेंद्र ध्रुव , उत्तम नायक , किशोर सूर्यवंशी ,पंकज, अज्जू ध्रुव गगन,राहुल, मिंटू , शैलेश, इशू और अन्य भक्तगण, नगर वासी, सैकड़ों की संख्या उपस्थित रहे। अंतिम में सफल आयोजन के लिए सुनील उइके ने युवा प्रकोष्ठ का आभार व्यक्त किया।

### मेकाज के डॉक्टर करेंगे विरोध प्रदर्शन आज

**जगदलपुर।** कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में द्वितीय वर्ष के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रा के साथ कुछ लोगों ने ना सिर्फ दुष्कर्म किया बल्कि उसकी हत्या भी कर दी। इस घटना से पूरे देश भर में आक्रोश देखा जा रहा है, इसी तारतम्य में 14 अगस्त को मेकाज के छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टरों एसोशिएशन द्वारा 3 सूत्रीय मांगों को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने एवं डॉक्टरों को सुरक्षा के लिए नियम भी बनाए जाने की मांग की है। इस पर मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के सभी वैकल्पिक सेवाएं ओपीडी, ओटी, वार्ड बंद रहेंगे। आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी, जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीजों को उचित सेवाएं मिल सकें।

# पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मामले की एसआईटी या सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आंध्रप्रदेश के चिंतुर थाना में बस्तर के चार पत्रकारों के खिलाफ बनाए गए फर्जी गांजा तस्करी मामले को लेकर मंगलवार को संभागीय मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई। पूरे मामले की एसआईटी या सीबीआई जांच की मांग करते हुए गृहमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में संभाग के सातों जिलों से आए पत्रकारों में फर्जी मामले को लेकर जमकर आक्रोश देखा गया।

संभाग स्तरीय बैठक में सातों जिले से आए पत्रकारों ने पूरे मामले को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। गांजा मामले में फंसाने से आक्रोशित पत्रकारों ने निंदा प्रस्ताव पास किया। वहीं पूरे मामले को लेकर स्वतंत्रता दिवस पर जगदलपुर आ रहे उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा से मामले की सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग करेगी। वहीं पूरे मामले की जांच कर तीन दिवस के अंदर कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व गिरफ्तार पत्रकारों को राहत दिलाने छग शासन से मांग करेगी। पूरे प्रकरण पर सीबीआई जांच के आदेश नहीं दिए जाने की स्थिति में सातों जिले के पत्रकारों द्वारा संयुक्त रूप से राज्य स्तरीय आन्दोलन किया जाएगा। बेगुनाह पत्रकारों को जेल से रिहा कराने के लिए आने वाले खर्च को देखते हुए सभी जिले से 1-1 लाख रुपए पत्रकार संघ द्वारा देने पर सहमति बनी। शहर के एक दैनिक समाचार पत्र के संपादक दिलशाद नियाजी ने एक लाख रुपए देने की बैठक में घोषणा की।

**जमकर दिखा आक्रोश, पत्रकारों के रिहाई के लिए सभी जिले से 1-1 लाख देने बनी सहमति**




#### मामले में किसी अज्ञात नेता की संलिप्तता

गिरफ्तार कोंटा टीआई अजय सोनकर ने अपनी गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले की खबर नेताजी को देने की बात सोशल मीडिया में लिखी है। दरअसल मंगलवार को अजय सोनकर ने उसके खिलाफ दर्ज मामले के बाद सुकमा कोर्ट में पेश किया गया। सीसीटीवी फूटेज से छेड़खानी मामले में आरोपी बनाने के बाद अजय सोनकर ने लिखा है कि नेताजी को बता देना। मतलब रेत तस्करी के इस मामले में पत्रकारों के पड़ने से नेताजी को दिक्कत थी।

## आयोजन: कृषि विज्ञान केंद्र का स्वर्ण जयंती समारोह व कार्यशाला

# नई तकनीक का प्रचार-प्रसार कर किसानों की बढ़ाएं आय: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कृषि विज्ञान केंद्र के लिए 2024 स्वर्ण जयंती का वर्ष है। इस वर्ष कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर मे स्वर्ण जयंती समारोह मनाया जा रहा है। देश का प्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र 1974 में पांडिचेरी में शुरू हुआ था। 731 कृषि विज्ञान केंद्र पूरे देश में क्रियाशील है जो प्रौद्योगिकी के ज्ञान और संसाधन केंद्र के रूप में कार्य कर रहे हैं ।

इस अवसर पर कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुदावत जी के द्वारा स्वर्ण जयंती मशाल को कृषि विज्ञान केन्द्र दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. डीप्रोषण बंजारा से लेकर कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा की कृषि विज्ञान केन्द्र एक ज्ञान के केंद्र के रूप में कार्य करता है। नूतन तकनीक को किसान के खेत तक पहुचाने में केंद्र की अहम भूमिका है। उन्होंने केंद्र को गांव से जुड़ कर कार्य करने को कहा तथा जैविक खेती, बीज उत्पादन, यंत्रे का उपयोग आदि कार्य सम्बंधित विभाग के समन्वय से कर किसानो को समृद्ध व आय दुगुनी करने का भरसक प्रयत्न करने के लिए कहा ।

इसके साथ कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के द्वारा मासिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, बीज निगम एवं जिले के प्रगतिशील कृषकों की सक्रिय भूमिका रही। समसामयिक विषयों पर विचार विमर्श एवं कृषि एवं संबंधित विषयों पर जिले में कार्य करने की योजना बनायी। कृषि उत्पादकता को बढ़ाने तथा कायम रखने में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कार्योंर् की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि वैज्ञानिक खेती–फसलों, फल, सब्जीवर्गीय तथा पशुओं पर अध्ययन करते हैं तथा उनकी मात्र तथा गुणवत्ता में सुधार के लिए मार्ग तैयार करते हैं। इस कार्यक्रम में जिले के कृषि व अन्य विभाग के कुल 28 अधिकारी उपस्थित हुए। जिले के 05 प्रगतिशील किसान अनुराग त्रिपाठी औषधीय खेती, वेदेश्वरी शर्मा जैविक खेती, नरेंद्र सिंह राठौर जैविक उद्यानिकी सह मछली पालन, शिवनाथ यादव पारम्परिक बीज संरक्षक व रामसाय मरकाम गुलाब के फूलो की खेती उपस्थित हुए।

#### मशाल कृषि विज्ञान केन्द्र बालोद को सौंपने किया प्रस्थान

कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश ने मासिक कार्यशाला में जैविक खेती में मार्किट लिंकेज की योजना बनाने में जोर दिया। कृषि विभाग के उप संचालक डी.पी.तांडे ने बताया की जिले में धान ट मक्का प्रमुख फसल के रूप में लगाई गई है। जिसमें मक्का के रकबा में वृद्धि हुई है। उद्यानिकी के उप संचालक ने सभी विभागों के समन्वय से कार्य करने की बात कही। पशु धन विकास विभाग के उप संचालक ने टीकाकरण व बधियाकरण के कार्य पर ग्रामीण क्षेत्र में किसानो को विशेष सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का संचालन केंद्र के पशु विशेषज्ञ डॉ. हितेश कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात स्वर्ण जयंती मशाल को कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के उद्यानिकी के वैज्ञानिक डॉ.सुरेश मरकाम ने कृषि विज्ञान केन्द्र बालोद को सौंपने के लिए प्रस्थान किया।

# सनकी कातिल ने मां व चचेरे भाई को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बोधघाट थाना क्षेत्र के नकटी सेमरा गांव में सनकी बेटे ने मां व चचेरे भाई को मौत के घाट उतार दिया। घटना को आरोपी ने उस समय अंजाम दिया जब मां उसे खाना देने गई हुई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एएसपी महेश्वर नाग ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि नकटी सेमरा स्थित राइस मिल के पीछे रहने वाले रिक्की दास 39 साल पिछले तीन साल से एक एस्बेस्टस सीट वाले मकान में रह रहा था। उसकी पत्नी एवम बच्चे करीबन 8 साल पहले उसे छोड़कर चले गए थे। आरोपी राजधानी बस में कंडक्टरी का कार्य करता था जिसे वह लगभग 12 साल पहले ही छोड़ दिया था इसके बाद वह कोई काम नहीं करता था इसी बात को लेकर उसकी घर वालों से अक्सर लड़ाई झगड़ा होता था। पड़ोसियों का कहना है कि पत्नी, बच्चे व माँ सबने रिक्की दास को अकेले छोड़ दिया था इस कारण वह डिप्रेशन में रहने लगा तथा मानसिक रूप से तनाव में एवं विचलित रहता था। उसकी माँ ने भी उसे नकती सेमरा के घर में रहने के लिए भेज दिया था आर्थिक तंगी होने से गुस्सा रहता था मां उसे खाना देने जाती थी। घटना दिनांक को भी आरोपी रिक्की दास की मां चपला दास निवासी हाटकचोरा अपने बहन के बेटे देवानंदा हीरा निवासी मलकानगिरी ओडिशा के साथ आरोपी को राशन देने के लिए गई थी। इसी दौरान आरोपी ने कहा मुझे अकेला मरने के लिए छोड़ दिए हो तथा मेरी जिंदगी बरबाद कर दिए हो कहते हुए विवाद करने लगा। मां से झगड़ा करने के दौरान साथ में खड़ा मौसेरा भाई देवानंदा द्वारा लड़ाई झगड़ा मत करो कहने पर उसे लोहे के मोटे पाइप से देवानंदा को सिर पर वार कर मर्डर कर दिया और अपनी मां को भी जान से मारने की नियत से उसके भी सिर पर वार किया जिससे उसके मौत ईलाज के दौरान डिमरापाल अस्पताल में हो गई। मामले में आरोपी के खिलाफ 103.1, 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# हर घर तिरंगा अभियान का 188वीं वाहिनी ने किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



आज 188वीं वाहिनी सी.आर.पी.एफ द्वारा आजादी की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत कमाण्डेन्ट भावेश चौधरी188वीं वाहिनी के निर्देशन तथा नीतीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी प्रशासन के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्रा का आयोजन मुख्यालय कोण्डागांव के साथ –साथ इस वाहिनी की सभी कंपनियों एवं केषकाल, बी 188 एवं एफ 188 पुशपालघाट जिला बस्तर, डी 188, ई 188 व जी 188 कोर्रा, गादिरास, पोलमपल्ली जिला सुकमा द्वारा किया गया।

'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए भव्य तिरंगा रैली का आयोजन नीतीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी प्रशासन, 188वी वाहिनी के नेतृत्व में हाथो में तिरंगा लेकर तिरंगा बाइक रैली देश भक्तिमय गीतो के साथ अभियान का आगाज हुआ। इस आयोजन को वाहिनी मुख्यालय के कैम्पस से शुरु होकर राष्ट्रीय राजमार्ग–30 होते हुए बंधा तालाब, घड़ी चौक ,रायपुर नाका, कलेक्ट्रेट परिसर, डोंगरीपारा से वापस कोण्डागांव शहर के मुख्य मार्केट से होते हुए वाहिनी मुख्यालय तक किया गया। जिसमें 188 वाहिनी के अधिकारियों अभिज्ञान कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, अभिजीत काले उप कमाण्डेन्ट, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आर.पी. के साथ वाहिनी के अधिनस्थ अधिकारियो व भारी संख्या में जवानों ने हिस्सा लिया । स्थानीय नागरिको ने इस तिरंगा यात्र का जोरदारी से स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों को आजादी का अमृत महोत्सव मनाने तथा 15 अगस्त तक अपने घरो में तिरंगा लगाने के लिए वाहिनी के द्वारा जागरुक एवं प्रोत्साहित किया गया। तथा भारत माता की जय और वंदेमातरम का उद्घोष किया गया। इस वाहिनी द्वारा समय –समय पर विभिन्न कार्यक्रमों जैसे सिविक एक्सन कार्यक्रम, रक्तदान शिविर, वृक्षा रोपण, खेलकूद इत्यादि कार्यक्रमो का आयोजन अपनी परिचालनिक क्षेत्रें में बड़े रचनात्मक ढंग से किया जाता है ।

### 'हर घर तिरंगा' महोत्सव में डीएव्ही ने निकाली रैली

**कोण्डागांव।** देश की शान तिरंगा के प्रति अपनी अपार श्रद्धा प्रकट करते हुए डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवखरगांव कोण्डागांव द्वारा रैली निकाली गई। नन्हे विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'हर घर तिरंगा ','भारत माता की जय घोष ' के साथ किया गया। हर नागरिक को तिरंगे की महानता और गरिमा को बनाए रखने का कर्तव्य निर्वहन करने का संदेश नन्हे बच्चों द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने जोश के साथ देशभक्ति प्रकट करते हुए तिरंगे के प्रति अपनी पवित्र भावना प्रकट की और हर घर तिरंगा फहराने एवं तिरंगे का सम्मान करने का संदेश प्रेषित किया।




### नन्हे हाथों ने रंगों के माध्यम से विशाल सांकेतिक तिरंगा ध्वज किया तैयार

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिला अंतर्गत संकुल केंद्र करंजी के शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी मे अध्यनरत नन्हे छात्र छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व अपने शाला परिसर में अपने अपने हथेलियों मे हरा, सफेद एवं केसरिया रंगो को रंग कर अपने हथेलियों के छाप से एक विशाल सांकेतिक तिरंगा ध्वज का निर्माण किया। कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव ने कहा कि इस पूरे कार्यक्रम के माध्यम से संस्था मे अध्यनरत छात्र छात्राओं व ग्रामवासियों को स्वंतत्रता दिवस एवं तिरंगे के महत्व को बताया गया ताकि आने वाली नई पीढ़ी देशभक्ति की भावना से अपने आप को निरंतर जोड़ के रख सके। देश को आजाद करने में जिन वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहूति दी उन्हें याद करते हुए तिरंगे की आन बान और शान को हमेशा बनाए रखे।इस कार्यक्रम में संस्था मे अध्यनरत नन्हे नन्हे छात्र छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ अपने अपने हथेलियों को हरा, सफेद, केसरिया एवं नीले रंगो से रंगकर अपने अपने नन्हे हथेलियों की छाप से इस सांकेतिक तिरंगे को तैयार किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच इमेलेश्वरी बघेल, कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव, संकुल समन्वयक रमन ठाकुर, शिक्षक विक्की दीवान, शिक्षिका सारिका वैष्णव, छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।



# विद्यालयों में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा हमारे देश का गौरव है। इसे ही संवर्धित करने के उद्देश्य से आज ग्राम मड़ानार शासकीय प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा और प्राथमिक शाला नयापारा चिपावंड में भव्य तिरंगा यात्रा गांव की गली मुहल्ले में स्कूली बच्चों और स्काउट दल द्वारा तिरंगे झंडे को हाथ में लेकर रैली निकाली गई। झंडा ऊंचा रहे हमारा का बुलंद नारा लगाया गया। साथ झंडा किस प्रकार हमारे देश की आन बान शान है और भी नारे लगाकर गुणगान किया गया। देशवासियों के हृदय में देशप्रेम की भावना को जगाए रखने और इस भावना को सदैव बनाए रखने के लिए इस रैली में मदानार प्रधानाध्यापक पी एल नाग सावित्री कोर्राम ग्वालिन लावत्रे गमला पुजारी, शिक्षक हीरालाल



चुरेंद्र, नीरज कुमार ठाकुर शिवचरण साहू, रूपेंद्र साहू, शिक्षिकाएं आरती बेर रंजीता तिग्गा ललिता समरथ कुमुद पांडेय, प्रियंका पटेल, योगिता नाग,निधि साहू, छात्र एवम छात्राएं और गांव के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### तिरंगा हाथ में लेकर और नशामुक्ति से संबंधित नारे लगाकर किया जागरूक



**कोण्डागांव।** नशीली पदार्थों की मांग में कमी के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत 12 अगस्त को मादक पदार्थों के खिलाफ देशव्यापी सामूहिक प्रतिज्ञा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़गारकापाल, संकुल बाखरा, विकासखंड कोंडागांव जिला कोंडागांव में नशामुक्ति रैली एवं हर घर तिरंगा के निर्धारित शेड्यूल अनुसार विद्यालय स्तर पर तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा कंसर्टस का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में तिरंगा साथ में लेकर और नशामुक्ति से संबंधित नारे, बैनर पोस्टर तैयार कर शालाग्राम में शाला में पदस्थ शिक्षकों अध्ययनरत बच्चों एवं शाला प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा बसाहट क्षेत्र में रैली निकाला गया।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए किया गया अंतिम अभ्यास

**कोण्डागांव।** स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए आज अंतिम अभ्यास सम्पूर्ण परिधान के साथ किया गया। विकास नगर स्टेडियम में आज आयोजित अंतिम अभ्यास में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ परेड का निरीक्षण किया। यहां 11 प्लाटूनों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इसके साथ ही पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर श्री दुदावत ने आवश्यक तैयारियों के लिए अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया।



# 5 लाख इनामी सहित 5 नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार

**कोंटा।** थाना जगरगुण्डा क्षेत्र से 5 लाख के इनामी नक्सली सहित 5 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। इनामी नक्सली उईका चैतू पिता सुकलु पूर्व एसीएम, परमिली एरिया कमेटी सदस्य, गढ़चिरौली महाराष्ट्र इनामी 5 लाख निवासी पटेलपारा थाना जगरगुण्डा सहित एक महिला नक्सली उईका लखे पिता उईका हुंगा सीएनएम सदस्य, चिन्नागेलुर एरिया निवासी मिसीगुड़ा पटेलपारा व कुंजाम सुखलाल पिता सोमालू मिलिशिया सदस्य, इंद्रावती एरिया पदाम सन्नू पिता सोमालू मिलिशिया सदस्य निवासी मिसीगुड़ा पाण्डूपारा,पदाम हुंगा पिता पदाम पण्डा मिलिशिया सदस्य जीआरडी कमांडर पाण्डूपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा को गिरफ्तार किया गया है।



## पेज 11 के शेष

### जनपद उपाध्यक्ष पर...

गालियां दी। वहां से जान बचाकर भागा, मेरे साथ और दो साथी थे, उन पर भी हमला किया गया। इस पूरी घटना के बाद सर्व आदिवासी समाज में आक्रोश की भावना व्याप्त हो गई और सोमवार शाम गीदम नगर पंचायत कार्यालय के सामने और मंगलवार सुबह नगर के साप्ताहिक बाजार स्थल के पास कई घण्टों तक आदिवासी समाज ने चक्का जाम कर दिया और आरोपी के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

### भाजयुमो की तिरंगा...

से करें। यह आयोजन देश के लिये समर्पण भाव के साथ किया जा रहा है। जिला संयोजक भाजयुमो प्रदेश मंत्री जयराम दास ने सभी का आभार माना, संचालन भाजयुमो जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने किया।

**ये हुए शामिल-** इस दौरान विद्याशरण तिवारी, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पांडे, संजय पांडे, रजनीश पानीग्रही, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, सुब्रतो विश्वास, सतीश सेठिया, संग्राम सिंह राणा, नीटू भदोरिया, सुधा मिश्रा, ममता सिंह राणा, किरण सेन, दिगम्बर राव, राजपाल कसेर, धनसिंह नायक, राधेश्याम पंद्रे,नरेन्द्र पाणिग्रही,शशिनाथ पाठक,प्रकाश झा, मनोज पटेल,रोहित खत्री,आनंद झा, रोहित त्रिवेदी,गणेश नागवंशी,अभिषेक तिवारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

### आड़ावाल में मिले...

हिंदूवादी कार्यकर्ता और मातृ शक्ति कलेक्टर विजय दयाराम के. और एसपी शलभ सिन्हा को मांगपत्र सौंपते शिकायत के आधार पर चिन्हित क्षेत्रों में जांच कर अविलंब कार्रवाई की मांग की। सर्वप्रथम एसपी शलभ सिन्हा से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। जहां एसपी स्वयं अपने कक्ष से थोड़ी देर में बाहर आकर हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों के बातों को सुना और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही यह भी कहा यदि आप लोगो के संज्ञान में ऐसी जानकारी मिलती है,तो इसकी सूचना हमें दें, तत्काल कार्रवाई की जाएगी। तत्पश्चात रैली कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे जहां कलेक्टर टीएल बैठक में व्यस्त होने से अपर कलेक्टर सीपी बघेल मांगपत्र लेने प्रतिनिधियों के समक्ष पहुंचे। मांगपत्र सौंपने के बाद कलेक्टर से मिलने की मांग की गई। कुछ देर बाद कलेक्टर जिला कार्यालय के प्रथम तल से नीचे आये। फिर प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं की बात सुन वापस बैठक के लिए रवाना हो गए। रैली के पूर्व जगन्नाथ मंदिर के समक्ष सिरहासार भवन में सनातनी हिन्दू समाज की बैठक रखी गई। जिसमें समाज के वरिष्ठ नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में युवा व महिलाएं शामिल हुए। जिसमें तय किया गया था कि बांग्लादेश में हिंदू बंगाली बंधुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार के विरोध में व अवैध तरीके से भारत में रह रहे रोहिंगीया की पहचान कर उन्हें यहां से बाहर करने के लिए विधि सम्मत कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपना तय किया गया। परिणाम स्वरूप आज मंगलवार को सुबह से ही मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण मे विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कर्मकर्ताओ का जुटना शुरू हो गया था। भारी संख्या में लोग दोपहिया वाहनों में रैली के रूप में सम्मिलित हुए। रैली सर्वप्रथम कोतवाली चौक होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मांगपत्र दिया। तदुपरांत रैली शहीद पार्क तिराहा से मूर्ति लाइन होते हुए चांदनी चौक से कलेक्टर कार्यालय पहुंची। आक्रोशित कर्मकर्ता सम्पूर्ण रैली के दौरान बांग्लादेश सरकार के विरोध में नारे लगाते रहे। वही रोहिंगियां बाहर करो जैसे नारे भी लगाए गए।

ये रहे उपस्थित-इस दौरान रवि ब्रम्हचारी, ईश्वर राव, शक्ति सिंह चौहान, कैलाश राठी,सुरेश गुप्ता, योगेंद्र कौशिक, हरी साहू, अविनाश गौतम, योगेश शुक्ला,अभय दीक्षित,योगेश ठाकुर,आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी,किरण शुक्ला,पंकज मिश्रा,अनिरुद्ध मिश्रा,उदय दुबे,रोशन झा,रामचन्द्र गुप्ता, प्रदीप गुहा, गोपाल दास, सुरेश चौहान अनिल अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह, नवीन देवांगन, विक्रम ठाकुर, शंकर लाल गुप्ता, विष्णु ठाकुर, प्रेम चालकी, जागेश्वर साहू, घनश्याम नाग, मुन्ना कोरी अर्जुन सिंह,मातृ शक्ति में सुशीला साव, निशा नागवंशी, हेमा गुरवारा, झरना मोहंती, प्रज्ञा आचार्य, प्रांजल दास, वा अन्य उपस्थित रहे।

आड़ावाल पहुंची रैली,15 रोहिंगियों को किया पुलिस के हवाले- मांगपत्र सौंपने के दौरान अवैध रोहिंगियां बसाहट की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाया। साथ ही विधि सम्मत कार्यवाही की मांग की। इसके बाद रैली आड़ावाल के लिए प्रस्थान किया। जहां अवैध रूप से दिहाड़ी का काम करने वाले लगभग 15 रोहिंगियों की पहचान कर उन्हें पुलिस के हवाले किया। साथ ही पुलिस को इनके बसाहट की पहचान कराई। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चिन्हित रोहिंगियों को अल्टीमेटम देते बोरिया बिस्तर बांध वापस अपने देश जाने की बात कही।

### स्वतंत्रता दिवस की...

दिए। इस परेड का नेतृत्व डीएसपी दीपमाला कुर्रे, सेकंड कमांड डोमेन्द्र सिन्हा कर रहें हैं। परेड में 15 टुकड़ियां शामिल हो रही है। जिसमें सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन, सीआरपीएफ 80 बटालियन, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, 19वीं पोखरण वाहिनी, जिला बल पुलिस, वन विभाग, नगर सेना, जिला बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के जवान है। जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे। रिहर्सल में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल योगेश देवांगन, एसडीएम भरत कौशिक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### चिकन पकौड़ा, चटनी...

आटा अमानक पाया गया जिसे तत्काल नष्ट कराया गया तथा 3 नमूने टोस्ट, केरी नमकीन, चींगम में लेबलिंग नहीं होने के कारण मिथ्याछाप पाया गया, जिन्हें लेबलिंग लगााने हेतु निर्देशित किया गया।

**दोना और प्लेट का उपयोग करने की समझाइश-** त्यौहारी सीजन व बारिस के मौसम को ध्यान में रखते हुए ठेला, गुमटी, फुड स्टॉल एवं नास्ता सेंटरों को निर्देशों का पालन दुकानों के संचालकों को निर्देशित किया गया कि खाद्य सामग्रियों को ढंक कर रखें। प्रींटेड कागज का उपयोग नास्ता देने में न करें उनके जगह प्लेट, प्लेन कागज या दोना का उपयोग करें। खुले में विक्रय हेतु रखे खाद्य सामग्रियों को मक्खियों से बचाव के लिए जाली नेट से ढकें। सूखे खाद्य पदाथोंर् को नमी से बचाकर रखें। रक्षा बंधन, दशहरा, दीपावली, होली पर्व के दौरान रोड किनारे एवं बाजार में मिठाइयों का अस्थायी स्टॉल लगाने वाले खाद्य कारोबारकर्ता सर्वप्रथम कार्यालय से पंजीयन अनुज्ञप्ति लें। मिठाई के ट्रे पर मिठाई के नाम के साथ निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि अनिवार्य रुप से प्रदर्शित करें।

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi

**Bharti Group has been running many courses successfully for past 27 years...**




## Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

## Animation & Visual Effects
- B.Sc.
- M.Sc.

## Engineering
M. Tech. / B.Tech.
Polytechnic
- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

## Journalism
- MAJMC
- BAJMC

## Hotel Management
- MHM
- BHM

## Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

## Library
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

## Arts/ Science/ Commerce
- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- MBA
- BBA
- MPH
- DCA
- PGDCA
- BCA
- DSW
- B.A./ B.Sc./ B.Com.
- B.A./ B.Sc./ B.Com. (Hons) } As per NEP 2020
- M.A./ M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS
- Forensic Science /Food & Nutrition

## Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

## Film Making
- B.A.
- M.A.

## Diploma Courses
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition & Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph.D. Available in all Subjects**

**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery | **B.Sc. (Nursing)**
Affiliated to Ayush University, Raipur

**B.Tech. Agricultural** | **B.Sc. Agriculture**
Affiliated to IGKV, Raipur

**Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.**

**Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development**



www.bhartiuniversity.org

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

: 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

: Durg (Chhattisgarh)

## खबर संक्षेप

### पेंशनर संघ की बैठक स्थगित



जगदलपुर। छग पेंशन धारी कल्याण संघ की बैठक स्वास्थ्य कर्मचारी संघ कार्यालय में हुई। अध्यक्षता अध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष केके द्विवेदी ने की। बारिश एवं मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन को स्थगित किया गया। आज की बैठक में एचवाय कुकडे, डीडी सिंह, जीएस ध्रुव, मदनलाल लखनपाल, दत्तात्रेय, डीएस कारेकर, कृष्ण मुरारी महापात्र, राजेन्द्र सिंह चौहान, विनोद भदौरिया, अरुण नेताम, जी शाही, बिसेसर सिंह नेताम, राजाराम तिवारी, एमआर राणा, केआर राऊे, पदमा रामटेके, एनडी यादव ने अपने विचार रखे। पेंशनरों को 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते, धारा 49/6 को हटाने एवं 80 वर्ष के बुजुर्गों को बस यात्रा एक सहायक के साथ प्राप्त सुविधा की उम्र 80 वर्ष के स्थान पर 75 वर्ष करने की मांग शासन से की जायेगी।

### नक्सल पुनर्वास समिति की हुई बैठक



बीजापुर। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव की उपस्थिति में जिला स्तरीय नक्सल पुनर्वास समिति की बैठक 12 अगस्त को इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित हुई। जिसमें नक्सली हिंसा में मृतक के 21 परिजनों का काउंसलिंग हुआ। शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति हेतु 21 पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेज परीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, पुलिस अधीक्षक तुलसीराम लेकाम, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, सहायक आयुक्त डॉ. आनंद सिंह एवं जिला कोषालय अधिकारी महावीर टंडन सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, सह सदस्य जिला स्तरीय नक्सल पुनर्वास समिति उपस्थित थे।

अब बिजली मीटर में जा रहा पानी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# आंगनबाड़ी केंद्र कई सालों से जर्जर सीपेज से दीवार हो रही गीली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

व्यावसायिक नगरी गीदम के वार्ड नंबर 13 नाकापारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र इन दिनों पूरी तरह

- तीन साल से शौचालय बंद बच्चे जाते है खुले में
- मरम्मत कार्य में प्रशासन नही दिखा रहा कोई दिलचस्पी





से जर्जर हालत में हैं। यहां मरम्मत कार्य कराने जिम्मेदार कोई दिलचस्पी नही दिखा रहे। शायद यही वजह है कि कई सालों से इस आंगनबाड़ी केंद्र में मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। नतीजन यहां बच्चे बारिश में टपकती छत के नीचे बैठने के लिए मजबूर है। सीपेज से यहां बारिश में दीवार गीली रहती है, अब यहां बिजली के मीटर में भी पानी आने लगा है, ऐसे में यहां बच्चों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। खिड़की टूटी है, पंखा तीन साल से खराब है, अतिरिक्त कक्ष, रसोई कक्ष, स्टोर रूम समेत सभी जगह दीवार से सीपेज बढ़ रहा, यहां रखी सामग्रियां गीली हो रही, शौचालय तीन साल से बंद पड़े है ऐसे में बच्चे व बच्चियां खुले में ही शौच जा रहे। बताया जा रहा इन सबकी जानकारी विभाग को भी कई बार दी गई। लेकिन आज तक इस आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत के लिए यहां कोई दिलचस्पी नही दिखाई गई। नतीजन अब सीपेज इतना बढ़ गया कि बिजली मीटर में भी पानी आने लगा है और दीवार में करंट आने का खतरा बना हुआ है। यहां पदस्थ कार्यकर्ता से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि विभाग को इसकी सूचना दी गई है। साथ ही नगर पंचायत में भी शिविर में इसकी जानकारी दी गई है।

**गीली दीवार से बच्चों की बनी पेंटिंग भी हुई खराब**

आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपनी कला को प्रदर्शित करने यहां कागज में पेंटिंग बनाई गई थी, जिसे दीवार पर लगाया गया था। ताकि आंगनबाड़ी में बाहर से आने वाले लोग बच्चों की इस कला को देख सके। लेकिन दीवार गीली होने के कारण यहां बच्चों के सारे पेंटिंग्स भी खराब हो गए।

**मरम्मत कार्य की स्वीकृति मिली**

इस मामले जब महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी आरके टंडन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गीदम में 5, 6 आंगनबाड़ी केंद्र में मरम्मत कार्य की स्वीकृति आ गई है, जिसमें नाकापारा आंगनबाड़ी भवन भी शामिल है। कार्य एजेंसी नगर पंचायत है अब तक कार्य हो जाना चाहिए था। वहीं शौचालय बंद है तो उसे शुरू करवाया जाएगा। इधर सीएमओ नपं गीदम भगवती ध्रुव ने कहा आज ही दिखवाता हूं, आंगनबाड़ी भवन में जल्द ही काम शुरू करवा दिया जाएगा।



### फरसागुड़ा में निकाली गई तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोंड

सरकार एवं राज्य सरकार संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार संकुल फरसागुड़ा में संयुक्त रूप से हर घर तिरंगा उत्सव रैली निकाला गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला बड़ेपारा, फरसागुड़ा, मावलीगुड़ा, बेडागुड़ा, पदरपारा, जुनावाही, माध्यमिक एवं शास उच्चतर माध्यमिक शाला फरसागुड़ा, पालक, एसएमसी, एसएमडीसी अध्यक्ष, सदस्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपसिंह मंडावी भाजपा जिलाध्यक्ष जगदलपुर ने तीन रंगों के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए सभी बच्चों एवं ग्रामीणजनों को संबोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों के एक समूह ने विशेष वेशभूषा में शिक्षक उमाशंकर साहू के मार्गदर्शन पर नुक्कड़ नाटक पेश किए। जिसमें लोगों को यह संदेश दिया गया कि झंडे को इधर-उधर न फेंके तिरंगे का सम्मान हमें मरते दम तक करना है। संकुल प्राचार्य विकास पाठक ने कहा कि तिरंगा हमारे देश का अभिमान है, इसका सम्मान हमेशा करते रहना। एसएमडीसी अध्यक्ष तुलसुराम कश्यप ने सभी ग्रामीणों से 15 अगस्त तक सभी को अपने घरों में एक तिरंगा लगाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक संजीव शर्मा, अशोक खलको, नीलमणि तिग्गा, सत्येंद्र देवांगन, लाकेश सिन्हा, निर्मल चन्द्रवंशी, कोमल साहू, भारती नागे, सरिता साहू, कुसुमलता साहू, नंदगोपाल साहू, चन्द्रमणी रंगारी, देवेंद्र पाणिग्रही, केशव कश्यप, मनीषा सिन्हा, अनिशा एक्का, ज्योति रचना चौहान, स्मिता टोप्पो, रमेश दीवान, मलसाय दीवान, ओमप्रकाश कश्यप समेत पालकगण उपस्थित रहे।



### बीजापुर की होनहार बेटियां हवाई यात्रा के लिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के सुशासन का असर जिले के हर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। माओवादियों के आतंक से डरे सहमे बीजापुर जिले वासियों में सुशासन का नया सूर्योदय देखने को मिल रहा है। शासन की नीति, निर्णय और योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंच से उनके दशा और दिशा तय करने में साकार हो रही है। जिसका ताजा उदाहरण आतंक और भय के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों के हौसला, उमंग और उत्साह को जिला प्रशासन और भी बढ़ा रहा है। ताकि भय और आतंक को दर किनार कर जिले को नई ऊंचाईयों पर ले जाया जा सके।

जिला प्रशासन के अभिनव पहल अन्तर्गत 100 प्रतिभावान छात्र-छात्राएं हवाई यात्रा कर रहे है। हवाई जहाज में सफर करना सभी का सपना होता है। पर इतनी जल्दी उनका सपना पूरा होना एक सपने की तरह लग रहा है। जिले के प्रतिभावान बच्चों ने अपना-अपना उत्साह व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

ज्ञात हो कि कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की पहल पर 100 प्रतिभाशाली 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थी 15 अगस्त को राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बीजापुर से जगदलपुर और जगदलपुर से हवाई जहाज के माध्यम से रायपुर पहुंच चुके हैं। आज सुबह बालिकाओं की दूसरी टीम को रवाना करते हुए कलेक्टर ने उत्साहित बेटियों का हौसला बढ़ाने उनके साथ सेल्फी ली और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# इंद्रावती से 505 कावड़ियों की निकली टोली, शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम

सावन सोमवार को कावड़ियों ने इंद्रावती नदी से जल लेकर भोपालपटनम के शिव मंदिर में जल अभिषेक किया। भव्य रूप से मनाये

- गोल्लागुड़ा समिति ने किया कावड़ियों का स्वागत बरसायें फूल
- शाम को महाआरती और महिलाओं के लिए चूड़ी, मेहंदी कार्यक्रम





गए, कावड़ यात्रा में 505 कावड़ियों ने हिस्सा लिया। चार किलोमीटर पैदल चलकर महिलाएं बच्चे, पुरुष अपने कंधे पर कावड़ लेकर तिमेड इंद्रावती नदी से जल भरकर मंदिर पहुंचे। लगातार तीन वर्षों से सावन के महीने में कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष और भी भव्य रूप से मनाने सप्ताह भर से तैयारियां चल रही थी। इस आयोजन को सफल बनाने शिव मंदिर समिति भोपालपटनम, शिव मंदिर समिति तिमेड़, दुर्गा मंदिर समिति गोल्लागुड़ा, गणेश मंदिर समिति गुल्लापेटा, युवा हिन्दू उत्सव समिति भोपालपटनम का सहयोग रहा। भगवा रंग के तोरण से शिव मंदिर से बीटीआई चौक तक सजाया गया। जल लाने जगदलपुर और कोंडागांव तक से 1000 से अधिक मटके मंगाए गए थे। मंदिर समिति के युवा कावड़ और मंदिर को सजाने दिन रात एक कर दिये। समिति ने कावड़ियों को कोई तकलीफ ना हो, इसके लिए सारे प्रबंध कर रखे थे। तिमेड़ घाट में पुलिस का पहरा लगा हुआ था और मेडिकल की टीम भी लगाई गई थी। इस कावड़ यात्रा में भक्तों का उत्साह देखने को मिला, सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने अपनी भक्ति दिखाई। कावड़ियों की निकली कतार में कई लोगों ने फल, पानी की व्यवस्था की थी, मद्देड़ बीजापुर से भक्त इस यात्रा में शामिल हुए।

**कावड़ियों का स्वागत**

दुर्गा मंदिर समिति गोल्लागुड़ा ने चौक में कावड़ियों के स्वागत में फूल बरसाए। तकरीबन 1 किलोमीटर से अधिक की लम्बी लाइन को गोल्लागुड़ा के भक्त बड़े ही खुशनुमा ढंग से स्वागत किए, प्रत्येक व्यक्ति के ऊपर फूल की बौछार की गई। गोल्लागुड़ा के मरार व अन्य समाज ने भी कावड़ियों का स्वागत किया। बच्चों को विशेष तौर पर स्वागत में उत्साहवर्धन किया गया है।

**शाम को महाआरती**

मंदिर परिसर में शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। उसके बाद सुहागिन महिलाओं का मेहंदी और चूड़ी कार्यक्रम रखा गया। सावन के इस पावन अवसर पर बड़ों के साथ युवा और बच्चों की भीड़ भी ज्यादा थी। जल लाकर शिवलिंग पर जल अभिषेक करने बच्चे 4 किमी पैदल चलकर हाथ कावड़ का बोझ उठाकर मंदिर पहुंचे थे।

इस अवसर पर शिव मंदिर के मुख्य पुजारी वेद प्रकाश पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, भाजपा के महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जया देवी चिडेम, शिव मंदिर समिति के संरक्षक मुरलीधर गुज्जा, अध्यक्ष पी. आनंद, टी. गोवर्धन, उपाध्यक्ष कोयलकार श्रीनिवास, रवि रापर्ती, नंदकुमार मारकोंडा, उमेश गुज्जा, महेश शेट्टी, मारुति कापेवार, रापर्ती नागैया, राजेंद्र पड़िशाला, महेश गादे, अरगेला तिरुपति, साई कृष्णा चेट्टी, हेमंत तिवारी, मिथलेश मंचरला एवं युवा उत्सव समिति के सभी युवा एवं भक्तगण शामिल थे।

# नगर निगम और पंचायत चुनाव पूरी ताकत से लड़ेंगे : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

संभाग अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्तिमोर्चा के संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में स्थानीय जनता दरबार में

- बैठक में पार्टी प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से सक्रिय होकर अभी से जुट जाने का किया आव्हान



बैठक हुई। विधानसभा प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि बैठक में बस्तर जिले से आए कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी प्रमुख महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नवनीत चांद ने कहा कि श्रेष्ठ बस्तर का विकास हमारा लक्ष्य है आगामी चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति से हम जनता के लिए लड़ाई लड़ेंगे। यहां सत्ता में कांग्रेस और भाजपा रहे पर जिले के साथ शहर की बदहाली सबके सामने है अब समय है कि अपने हित साधने वालों को जनता सबक सिखाएगी। बैठक में सभी ने अपना विचार रखा। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सघन दौरा एवं विधानसभा स्तर पर पंचायत चुनाव को लेकर लगातार दौरे के साथ जनता को राजनीतिक पार्टियों के नाकामियों को लेकर जनता की तकलीफों को साथ लेकर एवं जनता के हित के लिए कार्य करने की रणनीति बनी। नवनीत ने बताया कि 16 अगस्त से पार्टी जनता तक पूरी तैयारी से पहुंचेगी वहीं 25 अगस्त से पंचायत चुनाव को लेकर बस्तर जिले के विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा करेंगे। इस दौरान प्रीतम नाग, विजेंद्र नाथ जैन, श्रद्धा कुमारी, गायत्री ठाकुर, तुलसी ठाकुर, प्रिया यादव, गोल्डी नाग, राजतिलक, रेहान नाग, सनी, चेतन गवाल, शंकर लाल कश्यप, भूटान दास, अर्जुन सोनी, किरण नाग, नीलांबर भद्रे, दीपक दास, अमित, राज तिलक, राहुल सिंह, बंटी जेम्स, धंसिंग बघेल, हेमंत दास समेत पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वार्ड में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को घर में लगाने दिया गया झंडा

